Title: Need to provide funds to State Government of Uttar Pradesh for construction of lift canal on river Ganges between villages Kakin and Kalyanpur in Kanpur.
14.30 hrs

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at thirty minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker in the Chair)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up matters under Rule 377.

14.30 1/2 hrs.

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर) : कानपुर उत्तर प्रदेश में विकास खंड बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर एवम् कल्याणपुर के सैंकड़ों गांव गंगा नदी के किनारे बसे हैं। इन ग्रामों में सिंचाई का कोई साधन नहीं है। नहर की माइनरी का आखिरी टेल पड़ता है जिसमें पानी नहीं जाता है। खारा पानी निकलने के कारण सभी ट्यूबवैल फेल हैं और काम नहीं कर रहे हैं।

अतः जल संसाधन मंत्री से मांग है कि कानपुर नगर के बिल्हौर विकास खंड के ग्राम काकिन से कल्याणपुर तक गंगा नदी में लिफ्ट नहर का निर्माण कराके किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का आदेश प्रदान करें। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।